अभियान | कलेक्टर की अभिभावकों से बच्चों को बूथ तक लाने की अपील

# कलेक्टर ने जिला अस्पताल में पिलाई बच्चों को पल्स पोलियो दवा





**नवभारत, दमोह । कलेक्टर प्रताप नारायण यादव रविवार की सुबह जिला अस्पताल पहुँचकर नन्हें बच्चो को पल्स पोलियो दवा पिलाई और बच्चो को टॉफी भी दीं। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति राजू कमल ठाकुर, एसडीएम सौरभ गंधर्व, मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राकेश राय,सिविल सर्जन डॉ.प्रहलाद पटेल,टीकाकरण अधिकारी डॉ विक्रांत सिंह चौहान,डॉक्टर यशपाल और सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहें।** कलेक्टर श्री यादव ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 1,60,204 बच्चों का आकलन किया गया है और सभी बच्चों तक दवा पहुंचाने के लिए 1339 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। इसके साथ ही 45 मोबाइल वैन भी संचालित की जा रही हैं, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न रहे उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और मेला स्थलों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर भी विशेष पोलियो बूथ बनाए गए हैं, जिससे यात्रा कर रहे परिवारों के बच्चों को भी दवा पिलाई जा सके। स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाएंगी। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों और अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने 0 से 5 वर्ष आयु के बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ पर लेकर आएं और उन्हें पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं।



## स्टॉफ नर्स द्वारा विकसित पार्क की सराहना

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जिला अस्पताल परिसर में नर्स आफिसर बबीता चौबे, नेहा सहित स्टाफ नर्सों द्वारा अपने अतिरिक्त समय में विकसित किए गए उद्यान का अवलोकन कर सराहना करते हुए कहा ऐसे प्रयास अस्पताल का वातावरण बेहतर बनाते हैं और सभी को संतुष्टि का अनुभव कराते हैं। उन्होंने कहा अस्पताल की व्यवस्थाओं में लगातार सुधार हो रहा है तथा चिकित्सक और समस्त स्टाफ पूरी मेहनत से कार्य कर रहे हैं कलेक्टर श्री यादव ने सभी चिकित्सकों से सिविल सर्जन को पूर्ण सहयोग देने की अपील करते हुए कहा कि अस्पताल में 300 बिस्तरों की क्षमता के बावजूद औसतन 400 मरीज भर्ती रहते हैं। स्टॉफ की कमी के कारण कई बार सेवाओं में विलंब हो जाता है, ऐसे में सभी के सहयोग और धैर्य से ही व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जा सकता है।

# पंचायत व ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल का 66वां जन्मदिवस



**वृद्धाश्रम में मनाया मंत्री पटेल का 66वां जन्मदिवस, बुजुर्गों को कराया भोजन**

**दमोह।** शहर के वृद्ध आश्रम में मध्य प्रदेश शासन के पंचायत व ग्रामीण विकास, श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का 66वां जन्मदिवस मनाया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने वृद्धजनों को स्वादिष्ट भोजन कराया और उनका आशीर्वाद लिया।कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र दुबे, भागवत आचार्य पंडित कमलेश आनंद, सुशील गुप्ता, डॉ केदार शर्मा, जिला महामंत्री भाजपा महेश पटेल, समाजसेवी कैलाश शैलार, अमर सिंह राजपूत, नरेंद्र बजाज, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू ठाकुर,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मालती असाटी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती वर्षा रैकवार, श्रीमती नर्मदा सिंह एकता, पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष प्रमोद विश्वकर्मा, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र अहीरवाल, संजय पानिटकर, बिल्लू बाधवा, मंडल अध्यक्ष रमाकांत बाजपेई, विनय दुबे, पार्षद राघवेंद्र खरे रघु, पार्षद धीरज घारू, पप्पू पटवारी, मुन्ना सोनी, बबलू चक्रवर्ती, गोलू सोनी, जुगल अग्रवाल, पूरन सिंह लोधी,सुरेंद्र मिश्रा, इंद्र कुमार चौराहा, ध्रुव सोनी, अरुण सोनी, विवेक मोदी, सुनील राय, गणेश सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



**जरारूधाम गौ-अभ्यारण्य में रोपें 66 पौधे**

**नवभारत,दमोह/हटा।** नर्मदाखण्ड सेवा संस्थान गौ-अभ्यारण्य जरारूधाम के संरक्षक व पंचायत ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के 66वें जन्मोत्सव पर पौधरोपण कर जन्मदिन मनाया गया.इस अवसर पर मुनगा, सीताफल, बरगद, पीपल,नीम, कंजी, महुआ के 66 पौधे रोपित किए गए .कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष नरेन्द्र बजाज, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल,करन सिंह,श्रीमति नर्मदा सिंह,श्रीमती कविता बजाज, जनपद पंचायत हटा अध्यक्ष गंगा राम पटेल,कमल सिंह (ढक्कू दाऊ), गंगा राम सिंह, मूरत सिंह, मोहन सिंह सहयोगी, भरत मिश्रा,लाखन सिंह सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस मौके पर संस्थान के अध्यक्ष नरेन्द्र बजाज ने पौधरोपण कर मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# बांदकपुर कॉरिडोर निर्माण में बाधा से हिंदू समाज में आक्रोश

## 30 जून को सौंपा जाएगा ज्ञापन

**नवभारत,दमोह/बांदकपुर।** प्रसिद्ध हिंदू तीर्थ क्षेत्र बांदकपुर धाम में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा एक वर्ष से कॉरिडोर निर्माण का कार्य चल रहा है। खाली जगह की कमी के कारण निर्माण कार्य में देरी और दिक्कत आ रही है। मुख्य द्वार पर अतिक्रमण किए कुछ अतिक्रमणकारी लगातार कॉरिडोर निर्माण में बाधा डाल रहे हैं। कलेक्टर दमोह के सामने भी इन्हीं अतिक्रमणकारियों ने हंगामा किया था। कॉरिडोर निर्माण में देरी और लगातार आ रही कठिनाइयों के कारण जिले के समस्त हिंदू समाज, धर्म प्रेमियों और बांदकपुर धाम



भोले बाबा की नगरी से जुड़े भक्तों में बड़ा आक्रोश है। इसी को लेकर 30 जून मंगलवार को दोपहर 12 बजे दमोह के जटाशंकर मंदिर के पास विशाल एकत्रीकरण कर ज्ञापन दिया जाएगा। हिंदू समाज द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं पर्यटन संस्कृति मंत्री के नाम जिला कलेक्टर दमोह को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

साथ ही जिला पुलिस अधीक्षक को भी एक ज्ञापन देकर निर्माण में बाधक बन रहे तत्वों पर मामला दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की जाएगी। आयोजकों ने सभी धर्म प्रेमी भोले भक्तों और श्रद्धालुओं से उपस्थिति का आह्वान किया है।

## बहुप्रतीक्षित पुलिस विभाग तबादला सूची जारी, एनकाउंटर स्पेशलिस्ट कृष्णपाल सिंह बने हटा एसडीओपी



**नवभारत,दमोह।** मध्यप्रदेश पुलिस विभाग की बहुप्रतीक्षित तबादला सूची जारी हो गई है। इसमें बालाघाट में नक्सल उन्मूलन अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले और एनकाउंटर स्पेशलिस्ट के रूप में पहचान बना चुके कृष्णपाल सिंह को हटा एसडीओपी बनाया गया है। कृष्णपाल सिंह ने 56 लाख के इनामी नक्सली का खात्मा कर सुर्खियां बटोरी थीं। उनकी परिवीक्षा अवधि कोरोना काल वर्ष 2020 में रजपुरा थाना प्रभारी के रूप में हुई थी। तीव्र कार्यशैली और अपराध नियंत्रण में दक्षता के लिए जाने जाने वाले कृष्णपाल सिंह की हटा में नियुक्ति को लेकर पुलिस महकमे और क्षेत्र में चर्चा है।

# जिला अस्पताल में 138 आउटसोर्स कार्यरत कर्मचारियों ने खुलकर रखी अपनी बात

## एसडीएम की मौजूदगी में श्रम विभाग में की कार्यवाही शुरू

**नवभारत,दमोह. कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान आउटसोर्स के माध्यम से कार्यरत सुरक्षा गार्डों, सफाई कर्मचारियों व अन्य कर्मियों के वेतन भुगतान में अनियमितताओं पर कड़ा रुख अपनाया.उन्होंने कहा शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन का पूरा भुगतान किया जा रहा है, लेकिन कर्मचारियों तक उसका लाभ नहीं पहुंच रहा है, जो गंभीर मामला है।**निरीक्षण के दौरान सुरक्षा गार्डों ने बताया कि उन्हें एजेंसी द्वारा कभी 6 हजार, कभी 7 हजार और कभी 8 हजार रुपये का भुगतान किया जाता है, जबकि



निर्धारित कलेक्टर रेट के अनुसार लगभग 12 हजार रुपये वेतन मिलना चाहिए.इस पर कलेक्टर श्री यादव ने तत्काल श्रम अधिकारी को बुलाकर कर्मचारियों के बयान दर्ज कराने व प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिए. उन्होंने स्पष्ट कहा कर्मचारियों को जितने समय से कम वेतन दिया गया है, उसकी पूरी बकाया राशि ब्याज सहित दिलाई जाएगी तथा संबंधित एजेंसी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी. कलेक्टर श्री यादव ने कर्मचारियों से ड्यूटी के घंटों की जानकारी लेते हुए कहा कि उनसे केवल आठ घंटे कार्य लिया जाना चाहिए. साथ ही भोजन अवकाश और सप्ताह में एक दिन का साप्ताहिक अवकाश भी मिलना अनिवार्य है. उन्होंने कहा किसी भी स्थिति में श्रमिकों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.जिला अस्पताल में वर्तमान में 34 सुरक्षा कर्मी, 102 सफाई कर्मी तथा 2 हेल्प डेस्क कर्मी सहित कुल 138 आउटसोर्स कर्मचारी कार्यरत हैं.

**श्रम विभाग ने एसडीएम की मौजूदगी में शुरू की कार्यवाही**

एसडीएम और श्रम विभाग के अधिकारियों ने इस दौरान कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों से कथन आदि प्रक्रिया तत्काल शुरू की .कर्मचारियो ने कहा अब दिवाली हो जायेगी.आउटसोर्स कर्मचारी कलेक्टर से मिलने के बाद बेहद खुश नजर आये, वे कह रहे थे अब तो अपनी दिवाली हो जायेगी, बकाया हजारो रूपये मिलेगे और हर माह मिलने वाला मानदेय भी करीब डबल हो जायेगा .इस अवसर पर एसडीएम सौरभ गंधर्व,तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी, श्रम विभाग अधिकारी आशा सिरश्याम, इंस्पेक्टर मंजूषा,राहुल कुर्मी मौजूद रहे .



## आकाशीय बिजली गिरने से 12 बकरियों की मौत

**नवभारत,दमोह.**जिले के जबेरा थाना क्षेत्र में तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से 12 बकरियों की मौत हो गई.यह हादसा पोड़ी खेरमाता मंदिर के पास हुआ. वहीं युवक बाल-बाल बच गया.बताया जा रहा है कि पशुपालक हल्लू धनगर अपनी बकरियों को चराने गया था.शाम को अचानक तेज बारिश शुरू होने पर वह बकरियों के साथ एक पेड़ के नीचे रुक गया.इसी बीच अचानक पेड़ पर कड़कड़ाती हुई बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आने से सभी 12 बकरियों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।इस हादसे में अच्छी बात यह रही कि हल्लू धनगर बिजली गिरने से ठीक पहले पेड़ से हटकर थोड़ा दूर हो गया था, जिससे उसकी जान बच गई। हालांकि, बकरियों की मौत से गरीब पशुपालक को करीब 3 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।हादसे की खबर मिलते ही सरपंच प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह और जनपद सदस्य प्रतिनिधि इंद्रजीत सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने सरकारी अफसरों को इसकी जानकारी देकर पीड़ित परिवार को आपदा राहत फंड से मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## गैसाबाद थाने में चला ऑपरेशन सेफ क्लिक 2 .0 जागरूकता कार्यक्रम

**नवभारत,गैसाबाद/दमोह।** ऑपरेशन सेफ क्लिक 2.0 के तहत थाना गैसाबाद में साइबर अपराधों से बचाव एवं ऑनलाइन ठगी की रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना प्रभारी सौरभ शर्मा ने उपस्थित नागरिकों को साइबर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने फर्जी कॉल, ओटीपी शेयरिंग, अनजान लिंक पर क्लिक करने जैसे मामलों में सतर्क रहने की अपील की। थाना प्रभारी शर्मा ने बताया कि थोड़ी सी सावधानी से बड़ी ऑनलाइन ठगी से बचा जा सकता है। संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस या साइबर हेल्पलाइन पर सूचना दें।

# अथाई ग्राम पंचायत को मिली नई सौगात,15 लाख के सामुदायिक भवन का लोकार्पण



**नवभारत,दमोह.** दमोह विधायक जयंत मलैया ने 28 जून रविवार को ग्राम पंचायत अथाई में 15 लाख की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा यह भवन क्षेत्रवासियों की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा और ग्रामीणों को विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध कराएगा।लोकार्पण अवसर पर विधायक श्री मलैया ने अथाई के सभी ग्रामवासियों का बधाई दी.

**भाजपा अभाना मंडल के अथाई में पूर्व मंत्री, विधायक जयंत मलैया ने सुनी मन की बात**

दमोह विधानसभा के ग्रामीण मंडल अभाना अंतर्गत अथाई क्षेत्र में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम के 135 वां संस्करण मन की बात को सामूहिक रूप से सुना गया। इस अवसर पर पूर्व वित्तमंत्री व दमोह विधायक जयंत मलैया की विशेष उपस्थिति रही .कार्यक्रम में बूथ क्रमांक 281के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## मंत्री ने किया 48 .43 लाख रुपए की लागत से निर्माण होने वाले भवन का भूमिपूजन

**नवभारत,जबेरा/दमोह।** जबेरा विधानसभा से विधायक व मध्यप्रदेश शासन में मंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नोहटा में 48 .43 लाख रुपये की लागत से फिजिक्स, कैमिस्ट्री एवं बायोलॉजी लैब के लिए निर्माण होने वाले भवन का भूमिपूजन किया ।मंत्री कहा कि निश्चित ही भवन के निर्माण से छात्र-छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में सुविधा प्राप्त होगी। इसके अतिरिक्त आने वाले दिनों में 89 लाख रुपये की लागत से अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य भी किया जायेगा।

# सिंधी धर्मशाला में योगामृत योग शिविर का हुआ सफल आयोजन



**नवभारत,दमोह।** पूज्य सिंधी पंचायत दमोह द्वारा सिंधी धर्मशाला, दमोह में आयोजित योगामृत योग शिविर का सफलतापूर्वक व उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर योग, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया ।शिविर का संचालन योग प्रशिक्षिका पूजा सचदेव द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों,प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया तथा योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी। शिविर में उपस्थित सभी साधकों ने योगाभ्यास से सकारात्मक ऊर्जा, आत्मविश्वास व स्वास्थ्य लाभका अनुभव किया ।शिविर के दौरान योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने, तनावमुक्त एवं निरोगी जीवन जीने का संदेश दिया गया। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ शिविर में सहभागिता की, जिससे कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा।

## एक नजर में



### दमोह में होगा अखिल भारतीय प्रतिभा सम्मान समारोह, डॉ . बृजेन्द्र असाटी बने मुख्य संयोजक

**नवभारत,दमोह।** अखिल भारतीय असाटी वैश्य समाज महासभा के तत्वावधान व असाटी समाज समिति, दमोह के संयोजन में आगामी 26 जुलाई 2026दिन रविवार को अखिल भारतीय प्रतिभा सम्मान समारोह-2026 का भव्य आयोजन दमोह में किया जाएगा समारोह की रूपरेखा तय करने हेतु शनिवार शाम असाटी संस्कार भवन दमोह में समाज की आम सभा आयोजित हुई .जिसकी अध्यक्षता सकल असाटी समाज दमोह के अध्यक्ष ने की सर्वसहमति से प्रतिष्ठित समाजसेवी डॉ . बृजेन्द्र असाटी को समारोह का मुख्य संयोजक मनोनीत किया गया . घोषणा पर उपस्थित समाजजनों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। मुख्य संयोजक डॉ . बृजेन्द्र असाटी ने बताया कि इस मंच से वर्ष 2025-26 की 10वीं, 12वीं तथा शिक्षा, तकनीकी व प्रशासनिक क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि प्राप्त कर समाज का नाम रोशन करने वाली देशभर की मेधावी प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।



### जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने संपूर्ण जिले में श्रवण किया मन की बात कार्यक्रम

**दमोह ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात को भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के नेतृत्व में ज़िले के सभी बूथ केंद्रों पर श्रवण किया गया। जिसमें सभी बूथ केंद्रों पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक व प्रखर राष्ट्रवादी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की 125 वीं जन्म जयंती वर्ष पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई ।भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने जिला भाजपा कार्यालय में मन की बात कार्यक्रम कार्यकर्ताओं के साथ श्रवण किया ।जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि आज मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के करोड़ों परिवारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने वाली प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना व प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक लोगों से इन योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया।

# ट्रेन से गिरकर युवक की मौत, हिंडोरिया पुलिस ने शव परिजनों को सौंपा

**नवभारत,दमोह/हिंडोरिया।** शनि-रविवार की दरमियानी रात एक अज्ञात व्यक्ति के ट्रेन से गिरकर मौत हो जाने की सूचना पर हिंडोरिया पुलिस मौके पर पहुंची.प्रधान आरक्षक प्रकाश यादव ने मौके पर पहुंचकर शव को सीधा शव परीक्षण के लिए शव गृह भिजवाया और शिनाख्त शुरू की. मृतक की पहचान अमित पिता रसाल सिंह बंजारा उम्र करीब 35 वर्ष निवासी मलखेड़ा, जिला सिवनी के रूप में हुई.अमित कुमार का शव आनू फाटक रेल पोल



क्रमांक 1139/12-14 के बीच पड़ा मिला था.रविवार सुबह प्रधान आरक्षक मयूर बड़गैया व सैनिक ग्याप्रसाद दुबे ने घटनास्थल और शव परीक्षण गृह पहुंचकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की.इसके बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया.



### अतिक्रमण हटाओ अभियान,केन-बेतवा लिंक परियोजना के लिए मड़ियादो बफरजोन की भूमि कराई गई मुक्त

**नवभारत,दमोह/मड़ियादो।** केन-बेतवा लिंक परियोजना के तहत मड़ियादो बफरजोन (पन्ना टाइगर रिजर्व) को दी गई भूमि पर अमझिर गांव में अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई की गई ।हटा तहसीलदार आलोक जैन,वन परिक्षेत्र अधिकारी जेपी मिश्रा,मड़ियादो थाना से उपनिरीक्षक सरदार सिंह के नेतृत्व में यह संयुक्त कार्रवाई की गई ।इस दौरान बड़ी संख्या में राजस्व अमला,वन विभाग का अमला और पुलिस बल मौजूद रहा। अधिकारियों ने बताया कि पन्ना टाइगर रिजर्व के बफरजोन में आने वाली इस भूमि को केन-बेतवा लिंक परियोजना के लिए चिन्हित किया गया था, जिस पर अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई जारी है।

# भगवती संगठन ने पकड़ी दो पेटी अवैध शराब

## बिना नंबर की मोटरसाईकिल पुलिस के सुपुर्द की

**नवभारत, पथरिया 28 जून।** क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से भगवती मानव कल्याण संगठन पथरिया के कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत संगठन के कार्यकर्ताओं ने पथरिया तहसील कार्यालय के पास कार्रवाई करते हुए 2 पेटी अवैध बीयर (कुल 24 बोतल) पकड़ी। जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई दोपहर करीब 1 बजे थाना पथरिया क्षेत्र अंतर्गत की गई। मौके से दो व्यक्तियों को पकड़ा गया, जिनके नाम विजय सिंह लोधी निवासी ग्राम केवलारी और बकील सिंह लोधी निवासी ग्राम केवलारी बताए गए।



**अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई की मांग**

कार्यकर्ताओं ने तत्काल मामले की सूचना थाना पथरिया पुलिस को दी। पुलिस के पहुंचने के बाद आरोपियों के साथ अवैध बीयर एवं बिना नंबर की मोटरसाईकिल को पुलिस के सुपुर्द किया गया। संगठन के कार्यकर्ताओं का कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री और नशे के खिलाफ उनका अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने प्रशासन से भी अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

बंदी गृह | जिला अस्पताल के डॉक्टर ने सागर किया रेफर

# दमोह जेल में एचआईवी पॉजिटिव बंदी ने दूसरे बंदी को मारा नाखून

**नवभारत,दमोह. जिला जेल में रविवार दोपहर दो बंदियों के बीच विवाद हो गया. जिसमें एक एचआईवी पॉजिटिव बंदी ने दूसरे बंदी को नाखून मार दिया। जेल प्रशासन के द्वारा घायल बंदी को तत्काल ही इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया.जहां बंदी का इलाज करने के बाद डॉक्टर के द्वारा उसे सागर आईआरटीसी रेफर किया गया है.**

वहां से जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.जिस बंदी को नाखून लगा है उसकी पहचान दीपक सोनी के रूप में हुई है वह धारा



307 के मामले में 10 साल की सजा काट रहा है और वर्तमान में जिला जेल में बंद है.वहीं जो एचआईवी पॉजिटिव बंदी है वह धारा 25,27 के मामले में जिला जेल में बंद है.जेल उपाधीक्षक एमएल पटेल ने बताया की दोपहर में एचआईवी पॉजिटिव बंदी के द्वारा हंगामा किया जा रहा था. जिसे दूसरे बंदी दीपक सोनी के द्वारा रोका गया तो दोनों के बीच कहा सुनी होने लगी.उनके पास जानकारी आई तो उन्होंने प्रहरियों को बैरक में भेजा.जब कर्मचारी दीपक सोनी को अपने साथ लेकर आ रहे थे इसी दौरान एचआईवी पॉजिटिव बंदी का नाखून उसे लग गया.प्रहरी के द्वारा हमें जानकारी दी गई.जब बंदी की हिस्ट्री निकाली गई तो वह एचआईवी पॉजिटिव निकला. तत्काल ही घायल बंदी को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है. जिला अस्पताल में ड्यूटी का डॉक्टर विक्रम पटेल ने घायल बंदी का इलाज करने के बाद उसे सागर आरटीसी रेफर कर दिया है. वहां से जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.



### करंट लगने से युवक की मौत, बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप

**नवभारत,हटा/दमोह।** खेजरा गांव में बीती रात एक घर मे कूलर का करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई, घटना के बाद हल्ले भाई पिता छप्पन सिंह को सिविल अस्पताल हटा लाया गया . जंहा डॉक्टरों ने मृत घोषित किया, बताया जा रहा मृतक के घर के पास स्थित ट्रांसफार्मर में फॉल्ट होने से आसपास करंट फैल गया . हल्ले भाई घर में चल रहे कूलर को बंद करने गए थे, तभी वे करंट की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए,फाल्ट से गांव में एक और महिला को करंट लगना बताया गया .रविवार सुबह 8बजे घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची .